कक्षा 2

नाम : ....

कक्षा : ....

वर्ग : ....

समर्थ

पाठ्यपुस्तक - भाग 1

LEAD
Head Office
Unit #401, B Wing, Business Square,
Andheri Kurla Road, Chakala,
Andheri East, Mumbai - 400093, India

अभिभावकों के लिए आवश्यक बिंदु

भाषा एक ऐसा माध्यम है, जिसका उपयोग हम अपने भावों को व्यक्त करने और दूसरों के साथ संवाद करने के लिए करते हैं। इसके द्वारा हम अपने आस-पास की दुनिया के बारे में सोचते हैं, इसके अनुसार कार्य करते हैं और इससे जुड़ते हैं। इस प्रकार विद्यार्थियों में भाषा के सभी कौशलों को विकसित करने में, लीड द्वारा निर्मित 'संपूर्ण हिंदी' पाठ्यक्रम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसमें रचनात्मक, रुचिकर और ज्ञानवर्धक विषय-वस्तुओं को सम्मिलित किया गया है। इसके प्रमुख अवयव इस प्रकार हैं—

उच्चारण | **शब्द-संसार** | **सुनकर और पढ़कर समझिए** | **भाषा की बात** | **मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति**

इन्हीं अवयवों की सहायता से विद्यार्थी वर्णमाला के स्वरों और व्यंजनों की ध्वनियों को समझकर उनका शुद्ध उच्चारण करते हैं, अपने शब्द-भंडार का संवर्धन करके उनका प्रभावी प्रयोग करने में सक्षम बनते हैं, मूल पाठ की विषय-वस्तु को सुनकर और पढ़कर समझते हैं। साथ ही, वे भाषा से संबंधित व्याकरण-नियमों के अनुसार अपने विचारों को बोलकर और लिखकर अभिव्यक्त करते हैं।

संपूर्ण हिंदी कार्यक्रम एक अनूठा कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा-कौशल, सामान्य जागरूकता और नैतिक ज्ञान का विकास करना है, जैसे—

भाषा-कौशल

भाषा सिखाने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए भाषा के अवयवों का प्रयोग किया जाता है, जैसे— उच्चारण, शब्द-संसार, भाषा की बात, मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति।

सामान्य जागरूकता

संपूर्ण हिंदी पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों में सामाजिक और व्यवहारिक कौशल का विकास करने के लिए सामान्य जागरूकता के भाव को भी विकसित किया गया है।

नैतिक ज्ञान

संपूर्ण हिंदी पाठ्यक्रम चरित्र-निर्माण और जीवन-मूल्यों के साथ संपूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण पर केंद्रित है, जिसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु नैतिक ज्ञान को आधार बनाया गया है।

वार्षिक पाठ-योजना

भाग 1	इकाई का नाम	विषय-सूची	इकाई
	हमारा विद्यालय विद्यार्थी विविध पाठों के माध्यम से अपने आस-पास के परिवेश के बारे में जानेंगे और भाषा के रूपों, वर्ण और वर्णमाला की परिभाषा समझने के साथ-साथ विलोम शब्दों का प्रयोग करने में सक्षम होंगे।	1. नन्हे वीर (कविता) 2. मेरी पाठशाला (चित्रकथा) 3. चिड़ियाघर की सैर (चित्रकथा)	1
	मित्रता विद्यार्थी विविध पाठों के माध्यम से पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के साथ मित्रता के भाव को जानेंगे और क्रिया, संज्ञा, लिंग की अवधारणा समझने के साथ-साथ वाक्य-लेखन करने में सक्षम होंगे।	1. बया रानी (कविता) 2. पेड़ हमारे मित्र (चित्रकथा) 3. साथ-साथ (कहानी)	2
	प्यारा भारत विद्यार्थी विविध पाठों के माध्यम से देश की विविध विशेषताओं को जानेंगे। वे वचन की अवधारणा को समझने के साथ-साथ समान लय वाले शब्दों का प्रयोग करने और चित्र-वर्णन करने में सक्षम होंगे।	1. मेरा देश (कविता) 2. ऐसा देश है मेरा (कहानी) 3. मेरा गाँव (कहानी)	3
	अजब-गजब विद्यार्थी विविध पाठों के माध्यम से संसार की अनेक विशेषताओं को जानेंगे। वे सर्वनाम की अवधारणा समझने के साथ-साथ 1 से 20 तक हिंदी की गिनती लिखने-बोलने में सक्षम होंगे।	1. अजब-गजब है दुनिया (कविता) 2. शेर और आइसक्रीम (कहानी)	4

भाग 2	इकाई का नाम	विषय-सूची	इकाई
	धरती पर हमारे सहभागी विद्यार्थी विविध पाठों के माध्यम से पशु-पक्षियों और पेड़-पौधों के साथ सहभगिता के भाव से परिचित होंगे। साथ ही विशेषण की अवधारणा को समझने में सक्षम होंगे।	1. कोयल (कविता) 2. प्रकृति का उपहार (कहानी)	5
	रंग ही रंग विद्यार्थी विविध पाठों के माध्यम से विभिन्न रंगों और उनकी विशेषताओं से परिचित होंगे। साथ ही अनेक शब्दों के लिए एक शब्द की अवधारणा को समझने में सक्षम होंगे।	1. बूझो तो जानें (पहेली) 2. तीन रंगों वाली बाँसुरी (कहानी)	6
	कल्पना की दुनिया विद्यार्थी विविध पाठों के माध्यम से कल्पना शक्ति को विकसित करेंगे। साथ ही 1 से 50 तक की गिनती को बोलकर लिखने में सक्षम होंगे।	1. नीलू तितली (कविता) 2. अनोखी इच्छा (चित्रकथा)	7

समर्थ - भाग 1

विषय-तालिका | पृष्ठ संख्या

वार्षिक पाठ-योजना 03

इकाई 1 05

हमारा विद्यालय

इकाई 2 28

मित्रता

इकाई 3 57

प्यारा भारत

इकाई 4 79

अजब-गजब

'संपूर्ण हिंदी' में रचनात्मक, रुचिकर और ज्ञानवर्धक विषय-वस्तुओं को सम्मिलित किया गया है, जो विद्यार्थियों में निरंतर पढ़ने और सीखने के प्रति उत्सुकता बनाए रखती है।

लीड में हमारा दृष्टिकोण उन महत्वपूर्ण कौशलों की पहचान करना है, जिससे विद्यार्थियों में हिंदी भाषा को सुनने, बोलने, पढ़ने और लिखने की क्षमता का विकास हो।

नोट— मूल्यांकन के लिए प्रश्न-पत्र में कार्यपुस्तिका के प्रश्नों के अतिरिक्त पाठ से संबंधित अन्य प्रश्न भी पूछे जाएँगे।

LEAD